## सार-समाचार

### पुलिस ने 105 खोए मोबाइल बरामद किए

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर शहर कमिश्नरेट की साइबर सेल पश्चिम एवं जिला पश्चिम के विभिन्न पुलिस थानों की संयुक्त कार्रवाई में संचार साथी (सीईआईआर) पोर्टल की मदद से 105 खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को लौटाए। बरामद किए गए मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत करीब 29 लाख रुपये बताई गई है। मोबाइल पाकर परिवादियों के चेहरों पर रौनक छा गई। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश के निर्देशन की गई। पुलिस उपायुक्त जोधपुर पश्चिम विनीत कुमार बंसल के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त रोशन मीणा के सुपरविजन में टीमों को लगाया गया। डीसीपी वेस्ट विनीत कुमार बंसल ने बताया कि साइबर सेल जोधपुर पश्चिम एवं जिला पश्चिम के पुलिस थानों की टीमों ने संचार साथी (सीईआईआर) पोर्टल के माध्यम से गुमशुदा मोबाइल फोन को ट्रेस कर सफलतापूर्वक बरामद किया। लंबे समय से मोबाइल खोने के कारण परेशान परिवादियों को जब उनके मोबाइल वापस मिले तो उनके चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। उन्होंने आमजन से अपील की कि मोबाइल फोन चोरी या गुम होने की स्थिति में तुरंत संचार साथी (सीईआईआर) पोर्टल पर मोबाइल ब्लॉक कराएं, ताकि मोबाइल का दुरुपयोग रोका जा सके और उसे शीघ्र बरामद किया जा सके। उन्होंने बताया कि मोबाइल गुम होने पर सबसे पहले नजदीकी पुलिस थाने में मिसिंग रिपोर्ट दर्ज कराएं या पुलिस वेब पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज करें। इसके बाद नई सिम प्राप्त कर संचार साथी पोर्टल पर मोबाइल ब्लॉक करने की प्रक्रिया पूरी करें।

### रामानन्दाचार्य का जन्मोत्सव नौ को

**जोधपुर**, (कासं)। वैष्णव समाज के आराध्य जगद्गुरु रामानन्दाचार्य का 726वां जन्मोत्सव समारोह नौ जनवरी को श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के वातावरण में मनाया जाएगा। इस अवसर पर जगद्गुरु श्री रामानन्दाचार्य जयंती महोत्सव समिति जोधपुर के तत्वावधान में धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी। समारोह का शुभारंभ सुबह 10.15 बजे गीता भवन के पीछे श्री वैष्णव साधु समाज भवन से वाहन रैली के साथ किया जाएगा। वाहन रैली बाम्बे मोटर चौराहा, आखलिया चौराहा, प्रथम पुलिया होते हुए चौपासनी हाउसिंग बोर्ड सेक्टर 16 स्थित दशहरा मैदान पहुंचेगी। इसी समय सुबह 10.15 बजे जगद्गुरु रामानन्दाचार्य का विधिवत पूजन भी संपन्न किया जाएगा। शहर के दशहरा मैदान में दोपहर 12.15 बजे अतिथि स्वागत एवं सत्संग कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें समाज के वरिष्ठजन, संत-महात्मा, बुद्धिजीवी वर्ग एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे। कार्यक्रम में जगद्गुरु रामानन्दाचार्य के जीवन, दर्शन एवं समाज सुधार के योगदान पर प्रकाश डाला जाएगा तथा वैष्णव परंपरा के मूल सिद्धांतों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। दोपहर सामूहिक प्रसादी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें समाज के सभी वर्गों के लोग सहभागिता करेंगे। समारोह की तैयारियों को लेकर समिति द्वारा व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

### दिनेश मेघवाल को प्रभारी महासचिव बने

**रेवदर**, (नि.सं.)। प्रदेश कांठोस कमेटी एससी विभाग द्वारा दिनेश मेघवाल को फलोदी जिले का प्रभारी महासचिव नियुक्त किए जाने पर संगठन में हर्ष एवं उत्साह का माहौल है। संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने इस नियुक्ति को संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी निर्णय बताया है। अपनी नियुक्ति पर दिनेश मेघवाल ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्रपाल गौतम, प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री ममता भूपेश बेरवा तथा माननीय राज्यसभा सांसद नीरज डांगी का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने जो विश्वास और जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उस पर वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण भाव से खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे। मेघवाल ने कहा कि उनका उद्देश्य फलोदी जिले में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना, समाज के अंतिम व्यक्ति तक संगठन की विचारधारा को पहुंचाना तथा जनसमस्याओं को प्राथमिकता के साथ संगठन और सरकार के समक्ष रखना रहेगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर सक्रिय एवं सकारात्मक भूमिका निभाने का संकल्प भी दोहराया। संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने दिनेश मेघवाल को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में फलोदी जिले में संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी।

### उत्तर पश्चिमी रेलवे को शील्ड व पुरस्कार

**जोधपुर**, (कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे को वर्ष 2025 में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार के अंतर्गत 3 शील्ड एवं 6 व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह पुरस्कार 9 जनवरी को नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर, यशोभूमि,द्वारका में आयोजित समारोह में केंद्रीय रेल,सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा प्रदान किए जाएंगे। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण ने बताया कि रेलवे को सम्पूर्ण कार्यकुशलता के लिए गोविन्द वल्लभ पंत शील्ड,वैगन मेंटेनेंस शील्ड तथा रनिंग रूम शील्ड (आबू रोड रनिंग रूम) से सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही उत्तर पश्चिम रेलवे की श्रीमती मेघा गोदारा देव (उप मुख्य कार्मिक अधिकारी),सुश्री मोनिका यादव (मंडल वाणिज्य प्रबंधक), शिवलाल जयसिंह पुरोहित (सीनियर सेक्शन इंजीनियर),ओंकार (कांस्टेबल),मुबारिक हुसैन मंसूरी (लोको पायलट) एवं मनोज दुसाद (ट्रैक मेंटेनर) को व्यक्तिगत पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। महाप्रबंधक अमिताभ के कुशल नेतृत्व में उत्तर पश्चिम रेलवे ने सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। ये सम्मान रेलवे के लिए गौरव का विषय हैं और भविष्य में और बेहतर कार्य के लिए प्रेरणास्त्रोत भी हैं।

### छात्राओं को दिया सी.पी.आर. प्रशिक्षण

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर शहर के कमला नेहरू महिला महाविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर एवं सांस्कृतिक सप्ताह के दूसरे दिन डॉ. सम्पूर्णानंद मेडिकल कॉलेज से सेवानिवृत्त डॉ. राजेंद्र तातेड़ ने छात्राओं को सीपीआर का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि जब ह्रदय की धडक़न रुक जाती है या बंद हो जाती है तो शरीर में रक्त का प्रवाह बंद हो जाता है। व्यक्ति 15 सेकंड के भीतर अपनी चेतना खो देता है व 30 से 60 सेकंड के बीच सांस लेना बंद कर देता है। ऐसे व्यक्ति को सीपीआर यानी कार्डियक पलमोनरी रिससीटेशन दे दिया जाता है तो जिंदगी बचाई जा सकती है। सीपीआर देने का स्वर्णिम समय 5 से 10 मिनट का होता है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में शिक्षाविद् डॉ श्यामसुंदर सम्मिलित हुए। उन्होंने आपने अपने वक्तव्य में सीपीआर की महत्ता को छात्राओं को स्पष्ट किया और प्रशिक्षिण हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कमला नेहरू महिला महाविद्यालय की उपनिदेशक, ललितकला विभाग और छात्र सेवा मंडल की अध्यक्ष प्रो ऋतु जौहरी ने की।

# बाड़मेर में नेशनल स्कूल गेम, 62 टीम के 740 खिलाड़ी पहुंचे

**बाड़मेर**, (नि.सं.। नववर्ष 2026 की शुरूआत में बाड़मेर शहर में नेशनल स्कूल गेम्स का आयोजन किया गया। 69वीं राष्ट्रीय विद्यालयी बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता 2 से 6 जनवरी के बीच बाड़मेर के हाई स्कूल मैदान पर खेली गई। यह प्रतियोगिता 19 वर्ष छात्र और छात्रा दोनों वर्गों में खेली गई। स्वामी विवेकानंद मॉडल विद्यालय चूली के तत्वावधान में आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में देश के प्रत्येक राज्य-केंद्र शासित प्रदेशों और एसजीएफआई से संबंध 62 टीमों ने भाग लिया। 5 दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में 740 खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक देवाराम चौधरी एवं आयोजन सचिव व स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल चूली के प्रधानाचार्य ईश्वर दान की देखरेख में आयोजित हुई इस प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के आवास-भोजन और परिवहन की व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रही। इसके साथ ही खेल मैदानों की माकूल व्यवस्था थी। बाहर से आए खिलाड़ियों, कोच आदि ने व्यवस्थाओं पर संतोष प्रकट किया। मैचों के दौरान दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी। पूरी प्रतियोगिता के दौरान खेल भावना का अद्भुत नजारा देखने को मिला।

### राजस्थान की टीम बनीं चैम्पियन

राष्ट्रीय बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता के दौरान राजस्थान की छात्र और छात्रा दोनों ही टीमें फाइनल मैच जीतकर चैम्पियन बनीं। मंगलवार शाम को प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले खेले गए। छात्र वर्ग का फाइनल मैच राजस्थान और हरियाणा के बीच खेला गया। राजस्थान ने इस रोमांचक मुकाबले को 58-45 के अंतर से जीतकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं छात्रा वर्ग का फाइनल मैच राजस्थान और महाराष्ट्र के बीच हुआ। इस एकतरफा मैच को राजस्थान की लड़कियों ने 43-9 के बड़े अंतर से जीतते हुए नेशनल खिताब अपने नाम किया। छात्र वर्ग में दिल्ली और छात्रा वर्ग में तमिलनाडु ने हार्डलाइन मैच जीतकर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

राष्ट्रीय विद्यालयी बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता में छात्र व छात्रा वर्ग की 31-31 टीमों कुल 62 टीमों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में कुल 740 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिसमें 370 छात्र एवं 370 छात्राएं शामिल हैं। इनमें राजस्थान, आंध्र प्रदेश, बिहार, सीबीएसई वेलफेयर स्पोर्ट्स संगठन, सीबीएसई, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, भारतीय स्कूल कौंसिल, देव कॉलेज मैनेजमेंट कमेटी, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, इंटरनेशनल बोर्ड स्कूल्स स्पोर्ट्स संगठन, आईपीएससी, जम्मू और कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मेघालय, नवोदय विद्यालय समिति, ओडिसा, पंजाब, तमिलनाडू, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, विद्या भारती व पश्चिम बंगाल की छात्र व छात्रा वर्ग की टीमें शामिल है।

### 6 मैदानों पर खेली गई प्रतियोगिता

बॉस्केटबॉल की राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शिक्षा विभाग द्वारा 6 मैदान तैयार किए गए, जिन पर यह प्रतियोगिता खेली गई। इनमें हाई स्कूल के 2 मैदान, गर्ल्स कॉलेज, पुलिस लाइन व मल्लीनाथ महाविद्यालय छात्रावास का 1-1 मैदान शामिल है।

इसके अलावा स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल चूली के मैदान पर भी मैच खेले गए।

### 5 दिन में 118 मैच का हुआ आयोजन

इस 5 दिवसीय प्रतियोगिता के दौरान छात्र-छात्राओं के 118 मैचों का आयोजन किया। प्रथम चरण में 4-4 टीमों को 8-8 ग्रुप बनाए गए और पहले 3 दिनों तक 45-45 लीग मैच खेले गए। इसमें से प्रत्येक ग्रुप से 2-2 टीमों ने नॉकआउट में प्रवेश किया। इसके बाद सोमवार को 8-8 प्री-क्वार्टर फाइनल और उसके बाद 4-4 क्वार्टर फाइनल मैच हुए। मंगलवार को सुबह 4-4 सेमीफाइनल मुकाबले हुए। वहीं दोपहर में 2 फाइनल और 2 हार्ड लाइन मैच खेले गए।

जिला शिक्षा अधिकारी देवाराम चौधरी ने बताया कि छात्र वर्ग की टीमों के ठहरने की व्यवस्था माहेश्वरी भवन संख्या 1 व 2, ढाट माहेश्वरी भवन संख्या 2 व 3, होटल कैलाश सरोवर, अम्बर होटल, सेवा सदन व ड्रगिस्ट एवं केमिस्ट एसोसिएशन भवन में की गई। वहीं छात्राओं के ठहरने की व्यवस्था आशीर्वाद भवन व जैन स्थानकवासी भवन में की गई।

### परिवहन व्यवस्था भी चाक-चौबंद

प्रतियोगिता के दौरान परिवहन व्यवस्था चाक-चौबंद रही। टीमों के बाड़मेर पहुंचने पर लाइजनिंग टीम द्वारा रेलवे स्टेशन और बस स्टैण्ड पर स्वागत-सत्कार किया गया। इसके बाद टीमों को बसों एवं छोटे वाहनों से उनके आवास तक पहुंचाया गया। साथ ही मैचों के दौरान खिलाड़ियों को उनके आवास से मैदान तक लाने और वापस पहुंचाने की व्यवस्था भी आयोजन समिति द्वारा की गई। इसके लिए शिक्षा विभाग द्वारा 20 बसें एवं छोटे वाहन तैनात किए गए।

प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों, उनके साथ आए ऑफिशियल्स, निदेशालय द्वारा प्रतिनियुक्त अधिकारियों के साथ ही व्यवस्थाओं में लगे शिक्षा विभाग के कार्मिकों के लिए आयोजन समिति द्वारा भोजन की अच्छी व्यवस्था की गई। माहेश्वरी भवन संख्या 1 में छात्राओं एवं भवन संख्या 2 में छात्र खिलाड़ियों के भोजन की व्यवस्था की गई। भोजन में हलवा, पकौड़े, हरी सब्जी, दाल, चावल, रोटी, पूड़ी व सलाद का मेन्यू तैयार कर खिलाड़ियों को प्रत्येक दिन सुबह-शाम पौष्टिक आहार उपलब्ध करवाया गया। इसके अलावा टीमों के लिए सुबह नाश्ता और 2 समय चाय की भी व्यवस्था की गई।

### खिलाड़ियों ने व्यवस्थाएं सराही

प्रतियोगिता में भाग लेने आए खिलाड़ियों ने कहा कि उनके रहने और खाने की उत्तम व्यवस्था आयोजन समिति द्वारा की गई। खिलाड़ियों ने बताया कि जहां उन्हें ठहराया गया है वहां बिस्तर-पानी की अच्छी व्यवस्था है। वहीं उन्हें सुबह-शाम अच्छा भोजन उपलब्ध करवाया जा रहा है। खिलाड़ियों ने भोजन की तारीफ भी की। तमिलनाडु की संजना का कहना है कि बाड़मेर में उनका अनुभव बहुत शानदान रहा। उन्होंने व्यवस्थाओं की तारीफ करते हुए दुबारा बाड़मेर आने की बात कही। उत्तर प्रदेश की मोनी यादव ने भी आवास-भोजन और मैदान की व्यवस्थाओं को सराहा। आईएसएसओ की सिल्क संधु, ओडिसा की राजश्री महापात्रा, पंजाब की ऋतिका, केरल की विद्या ने भी व्यवस्थाओं की तारीफ की।

# मालवाड़ा में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट को हरी झंडी

**जालोर**, (नि.सं.)। राजस्थान के जालोर जिले की ग्राम पंचायत मालवाड़ा अब स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एक नई इबारत लिखने को तैयार है।,

प्राप्त जानकारी के अनुसार जालोर जिले के युवा और दूरदर्शी सरपंच प्रदीप सिंह देवल के अभिनव प्रयासों से मालवाड़ा में जिले की पहली प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट स्थापित होने जा रही है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए जिला परिषद जालोर द्वारा 16 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी गई है। यह कदम न केवल मालवाड़ा को प्लास्टिक कचरे से मुक्ति दिलाएगा,बल्कि पूरे जिले के लिए एक प्रेरक मॉडल के रूप में उभरेगा।

केंद्र सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वीकृत यह परियोजना प्लास्टिक कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पन्न होने वाले प्लास्टिक अपशिष्ट का समुचित प्रबंधन हो सकेगा,जिससे पर्यावरण प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकेगा।

सरपंच प्रदीप सिंह देवल ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए जिला कलेक्टर प्रदीप गवांडे और पूर्व विधायक नारायण सिंह देवल का हृदय से आभार प्रकट किया है। उन्होंने बताया कि इन अधिकारियों के सहयोग और मार्गदर्शन के बिना यह सपना साकार नहीं हो पाता।

सरपंच देवल ग्राम पंचायत में रचनात्मक और तकनीकी नवाचारों के लिए जाने जाते हैं। दूरदर्शिता और सक्रिय नेतृत्व का ही परिणाम है कि मालवाड़ा आज जिले में एक मॉडल ग्राम पंचायत के रूप में पहचान बना रहा है। इस प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट की स्थापना भी उनके विजन का हिस्सा है, गांव को स्वच्छ, सुंदर और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयासरत हैं। ग्रामीणों का भी मानना है कि सरपंच के अथक प्रयासों से ही मालवाड़ा को यह ऐतिहासिक सौगात मिली है,जो निश्चित रूप से गांव की तस्वीर बदल देगी।

### सीरवी समाज ने की माही बीज महोत्सव पर चर्चा

**पाली**, (नि.सं.)। सीरवी समाज के महापर्व माही बीज महोत्सव 20 जनवरी को लेकर सीरवी समाज सेवा समिति की मीटिंग आज सीरवी छात्रावास में समिति के अध्यक्ष प्रकाश चौधरी (खेतावास) के निर्देशन में हुई।

समिति के सह सचिव नारायण लाल चोयल ने बताया कि माही बीज को लेकर पूरे सीरवी समाज में उत्साह हैं। इस दिन समाज के सभी बंधु अपने अपने प्रतिष्ठान मंगल कर इस महोत्सव में भाग लेंगे। इस अवसर पर आईं माता की शोभायात्रा महात्मा गांधी बडेर से शुरू होकर मुख्य बाजार से सोमनाथ मंदिर, सूरजपोल,होते हुए जनता कॉलोनी आई माता बडेर पहुंचकर सम्पन्न होगी। उसके बाद एक धर्म सभा एवं प्रतिभाएं, भामाशाह एवं अतिथियों का सम्मान समारोह एवं महाप्रसादी का कार्यक्रम होगा। पूर्व संध्या पर पाली शहर में स्थित 13 माता की बढ़ेरो पर साफ सफाई, रंग रोगन, रंगीन रोशनी द्वारा मंदिर को सजाया जाएगा। पूरी रात माताजी का जगराता एवं हर बडेर पर माता के नाम का दीपक जला कर भजन संध्या होगी। भोर में माताजी को लापसी का भोग लगाकर आई माता जी की आरती होगी। महोत्सव को सफल बनाने के लिए नवयुवक एवं महिला मंडल भी तैयारियों में जुटे हैं।

इस अवसर पर भंवर चौधरी, सचिव चंद्रशेखर भायल, कोषाध्यक्ष अमराराम राठौड़, सुरेश चौधरी, खीवराज होंबर, दिनेश परिहार, सुशीला गहलोत, मोतीलाल वर्फ़ा,हीरालाल काग, डूंगाराम चोयल, वोराराम, काना राम, सुझाराम राठौड़,गणेशराम, वक्ता राम, गोपाराम, भंवरलाल, भानाराम, भीखा राम, कालूराम, मांगी लाल, तारा राम, मघाराम देवडा, सोना राम, बाबू लाल, वेनाराम, लालाराम, मोहनलाल सहित कई जने मौजूद रहे।

### हीरालाल नागर ने सीमा पर जवानों से मुलाकात की

**जैसलमेर**,(नि.सं.)। राजस्थानः उर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने जैसलमेर का दौरा किया।

उन्होंने प्रसिद्ध गड़ीसर तालाब, फ़ोर्ट व तनोट माता के मंदिर में दर्शन किए और भारत-पाकिस्तान सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल के जवानों से मुलाकात की। उन्होंने जवानों का हौसला बढ़ाया और उनकी सराहना की।

इस दौरे के दौरान उर्जा मंत्री ने जैसलमेर के विकास की संभावनाओं पर भी चर्चा की। उन्होंने स्थानीय प्रतिभाओं और संसाधनों को ध्यान में रखते हुए पर्यटन, ऊर्जा और इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में संभावित विकास योजनाओं पर जोर दिया।

नगर अध्यक्ष अरुण पुरोहित ने बताया कि मंत्री ने स्थानीय अधिकारियों से मिलकर विकास परियोजनाओं पर विचार-विमर्श किया और क्षेत्र के विकास के लिए आवश्यक कदमों की रूपरेखा तैयार की।

# कड़ाके की सर्दी में साधना, 108 मटकों से जलधारा तपस्या का आज समापन

**सायला**, (नि.सं.)। निकटवर्ती कोमता गांव स्थित दूदेश्वर महादेव मंदिर परिसर में कड़ाके की सर्दी के बीच चल रही 11 दिवसीय जलधारा तपस्या का गुरुवार को समापन होगा।

इस अनूठी साधना में प्रतिदिन सुबह 5 बजे 108 मटकों में भरे ठंडे पानी से जलधारा कर कठोर तप किया जा रहा है। तपस्या संत तपतगिरि महाराज द्वारा की जा रही है, जो महंत उम्मेदगिरि महाराज के शिष्य हैं।

मंदिर परिसर में जारी इस धार्मिक अनुष्ठान के दौरान प्रतिदिन वैदिक मंत्रोच्चार और ॐ नमः शिवाय के जाप से वातावरण शिवमय बना रहा। कड़ाके की सर्दी के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालु सुबह-सवेरे मंदिर पहुंचकर दर्शन कर रहे हैं और साधना के साक्षी बन रहे हैं। तपस्या को लेकर क्षेत्र में विशेष धार्मिक उत्साह देखा जा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि कोमता नगरी वर्षों से तप, साधना और शिव आराधना की भूमि रही है। पूर्व में भी यहां महर्षि और संतों द्वारा दूदेश्वर महादेव की सेवा, भजन-कीर्तन, पौधरोपण और दान-पुण्य जैसे धार्मिक कार्य होते रहे हैं, जिनकी परंपरा आज भी जीवित है। इसी परंपरा के अंतर्गत 11 दिवसीय जलधारा तपस्या का आयोजन किया गया है।

आयोजन में गुरुजनों एवं ग्रामवासियों का निरंतर सहयोग मिल रहा है। श्रद्धालुओं का मानना है कि इस तपस्या से क्षेत्र में सुख-शांति और खुशहाली का संचार होगा।

गुरुवार को अंतिम दिन विशेष पूजा-अर्चना और पूर्णाहुति के साथ तपस्या का समापन होगा।

### पाली की 'ग्रीन लोटस' ए.आई. हैकाथॉन में प्रथम

**पाली**,(नि.सं.)। जयपुर के सीतापुरा स्थित जयपुर एग्ज़ीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर में राजस्थान डिजिफेस्ट-2026 के अंतर्गत टीआईई ग्लोबल समिट के दौरान 5 जनवरी से 36 घंटे के एआई हैकाथॉन में पाली जिले की टीम 'ग्रीन लोटस' ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।

आईटी एंड कम्युनिकेशन विभाग पाली के संयुक्त निदेशक राजेश चौधरी के निर्देशन में सोजत के प्रोग्रामर अंशु माली पाराशर ने पाली की टीम 'ग्रीन लोटस' का गठन किया।

प्रधुमन सिंह खिंची प्रोग्रामर, बाली, बुद्धि प्रकाश प्रोग्रामर, करौली, राजेश बगारिया प्रोग्रामर, उदयपुर खान विभाग, छविश बाकोलिया (प्रोग्रामर, करौली टीम में शामिल रहे।

# विद्यार्थियों को ऊनी कम्बल बांटे

**जालोर** , (का.सं.)। वाडिया के दारुल उलूम फैजाने गोसुलवरा प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को बच्चों को ऊनी कम्बल बाटे गए।

ऑल राजस्थान मुस्लिम सिलावट वेलफेयर संस्थान जालोर जिला अध्यक्ष शहजाद खान ने बताया कि संस्थान की ओर से बापू गुलाम हुसैन जिलानी सुजा शरीफ की ओर से संचालित आवासीय दारुल उलूम फैजाने गोसुलवरा प्राथमिक विद्यालय वाडिया में कड़ाके की सर्दी के मौसम को देखते हुए 1 से 5 क्लास में पढने वाले 35 बच्चों को ऊनी कम्बल एवं बिस्कीट का वितरण किया गया। इस अवसर पर खान ने कहा की सर्दी के मौसम में जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण करना चाहिए। वहीं हर व्यक्ति को समाज सेवा में आगे आना चाहिए। नर सेवा ही नारायण सेवा है। हम सभी को ऐसे सामाजिक सरोकार के कार्य में हिस्सा लेना चाहिए। विद्यालय में शिक्षा प्राप्त करें बच्चों से शिक्षा की जानकारी ली तथा बच्चों को खूब मेहनत कर पढने की बात कही। कार्यक्रम में विद्यालय प्रभारी मौलाना मोहम्मद इकबाल सिद्दीकी, हाफिज फारूक खान, वेलफेयर संस्थान के उपाध्यक्ष मुस्ताक खान कोषाध्यक्ष लियाकत अली ,कार्यक्रम योजनामंत्री जान शेर खान, सरक्षक इंसाफ अली, जलाल खान, अहवान अली , नोहसिन खान मौजूद थे।

### प्रवासियों ने केंद्रीय कृषि मंत्री का स्वागत किया

**पाली**, (नि.सं.)। नेशनल लगेज सेल एसोसिएशन के अध्यक्ष वी अंकित जैन और मारवाड़ी तमिलनाडु जैन संघ के अध्यक्ष प्रकाश जैन की अगुवाई में मंगलवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का कोयंबतूर एयरपोर्ट पहुंचने पर स्वागत किया गया। चौहान साउथ इंडिया के प्रमुख औद्योगिक शहर इरोड में आयोजित विकसित भारत क्षेत्र भ्रमण एक्सपो में शिरकत करने के लिए कोयम्बतूर पहुंचे थे। यहां से चौहान को इरोड तक वाहन रैली के रूप में कार्यक्रम स्थल तक ले जाया गया। दोनों संघ की तरफ से कृषि मंत्री को विभिन्न समस्याओं से भी अवगत कराया।

नेशनल लगेज सेल एसोसिएशन के अध्यक्ष वी अंकित जैन ने बताया जैसे ही कृषि मंत्री कोयंबतूर एयरपोर्ट पर पहुंचे, पाली, जालोर, सिरोही, बाड़मेर और फलोदी जिलों से तमिलनाडु में बसे प्रवासी बंधुओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

## सार-समाचार

### फलोदी में मैथी के लड्डुओं का महायज्ञ

**फलोदी**, (नि.सं.)। जिले में कड़ाके की ठंड अब धीरे धीरे अपना असर दिखाने लगी है। जिसके चलते जनजीवन दोपहर के समय घरों से बाहर निकलते देखा जाने लगा है। कुछ लोग खासकर अतिआवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकलना पसंद करते है। बुजुर्ग को अलाव के सहारे इस ठंड से बचाव करते देखा जा सकता है। दूसरी ओर गौवंशो को इस कड़ाके की ठंड में गौभक्तों द्वारा मैथी के लाडू बनाकर देने का पुण्यार्थ मकरसंक्रांति के पावन अवसर पर किया जाता है। जो इसबार विशाल महायज्ञ के रूप में बड़ा आयोजन किया जाएगा। जिसका ''मैथी के लाडू महायज्ञ'' के नाम से शुरूआत की। समाजसेवी व वरिष्ठ पत्रकार रामावतार बोहरा ने बताया कि इस पुण्यार्थ कार्य में गौसेवार्थ मैथी लड्डुओ के महायज्ञ का श्रीगणेश गौभक्त मेघराज कल्ला, भामाशाह, बृजमोहन बैणावत अध्यक्ष सर्व समाज समिति फलोदी, नरेश व्यास अध्यक्ष पुष्करणा न्याति समाज फलोदी, चम्पालाल गुचिया पुरोहित ( अमृतवाणी मण्डल फलोदी), शयाम सुन्दर व्यास गेलाणी, हस्ती मिलती सुथार की उपस्थिति में करवाया।

### तीन ट्रेन में थर्ड एसी श्रेणी के डिब्बे बढ़ाए

**जोधपुर**, (कासं)। रेलवे द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु 03 जोड़ी रेलसेवाओं में थर्ड एसी डिब्बों की स्थाई बढोतरी की जा रही है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक हितेश यादव के अनुसार गाडी संख्या 20483/20484, भगत की कोठी-दादर-भगत की कोठी रेलसेवा में भगत की कोठी से 02 फरवरी से एवं दादर से 3 फरवरी से 02 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बो की स्थाई बढोतरी की जा रही है। इसी प्रकार गाडी संख्या 14807/14808, जोधपुर-दादर- जोधपुर रेलसेवा में जोधपुर से एक फरवरी से एवं दादर से दो फरवरी से 02 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बो की स्थाई बढोतरी की जा रही है। इसी प्रकार गाडी संख्या 14707/14708, हनुमानगढ-दादर-हनुमानगढ रणकपुर एक्सप्रेस रेलसेवा में हनुमानगढ से एक फरवरी से एवं दादर से दो फरवरी से 01 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बें की स्थाई बढोतरी की जा रही है।

### शीतलहर में पुलिस ने बांटे कम्बल

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। सीमावर्ती जिले जैसलमेर में इन दिनों कड़ाके की ठंड और शीतलहर का प्रकोप जारी है। इस ठिठुरन भरी सर्दी के बीच पुलिस टीम ने एक सराहनीय कार्य किया है। जैसलमेर पुलिस लाइन के रिजर्व इंस्पेक्टर मोहम्मद हनीफ के नेतृत्व ने पुलिस लाइन की टीम ने जरूरतमंदों को कड़ाके की सर्दी में कंबलें बांटे। पुलिस टीम ने अपनी संवेदनशीलता का परिचय देते हुए शहर के जरूरतमंदों और प्रवासी मजदूरों की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाए हैं। पुलिस टीम ने 100 कंबलें बांटकर सर्दी में असहायों को राहत दी है। शहरवासियों ने पुलिस विभाग के इस मानवीय कदम की सराहना करते हुए कहा कि जब तापमान न्यूनतम स्तर पर हो। तब इस तरह की मदद किसी जीवनदान से कम नहीं होती। पुलिस का यह चेहरा न केवल समाज में सुरक्षा का भाव पैदा करता है, बल्कि आपसी विश्वास और सद्भावना को भी मजबूती देता है।

### वुशू खिलाड़ी कलैक्टर से मिले

**जालोर**,(का.सं.)। आर्य समाज के प्रधान दलपत सिंह आर्य के नेतृत्व में आर्य वीर दल में वुशू खेल का निशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पदक विजेता खिलाड़ियों ने जिला कलेक्टर डॉक्टर प्रदीप के गावंडे से मिलकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। आर्य वीर दल के महामंत्री शिवदत्त आर्य ने बताया कि छत्तीसगढ़ में आयोजित नवी फेडरेशन कप नेशनल वुशू प्रतियोगिता में आर्य वीर दल के खिलाड़ियों ने 4 स्वर्ण पदक, 1 रजत पदक अर्जित कर राजस्थान प्रदेश का मान बढ़ाया है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सुनीता चौधरी, दिव्या सोनी, काव्या गुप्ता, मयंक भादरू ने स्वर्ण पदक एवं कर्तव्य गुप्ता ने रजत पदक प्राप्त किया है। इस मौके पर प्रधान आर्य ने आर्य वीर दल की गतिविधियों से अवगत कराया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद भरत मेघवाल एव वुशु कोच देवेश आर्य उपस्थित थे।

### खान श्रमिक के सिर पर गिरा पत्थर, मौत

**जोधपुर**, (कासं)। गोलासनी गांव में खान श्रमिक के सिर पर पत्थर गिरने से उसकी मौत हो गई। अस्पताल में उपचार के बीच उसने दम तोड़ दिया। राजीव गांधी नगर पुलिस ने बताया कि मूलतः प्रतापगढ़ जिले के देवगढ़ स्थित बड़ी बखोरी निवासी 26 वर्षीय आशाराम मीणा यहां जोधपुर में रह कर गोलासनी में पत्थर की खान में काम करता था।

# महर्षि दयानंद सरस्वती वि.वि. अजमेर व आयुर्वेद वि.वि. जोधपुर के बीच एम.ओ.यू.

**जोधपुर**, (कासं)। यूजीसी-मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर (एमएमटीटीसी), महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर एवं डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्